# गांधीजी की पुण्यतिथि पर निगमकर्मियों की लापरवाही, कांग्रेसियों ने धरना दिया

**पुण्यतिथि पर न गांधी उद्यान साफ किया ना ही अन्य तैयारियां की, 2 सस्पेंड, 1 को हटाया और 1 का 7 दिन का वेतन काटा**



● रतलाम

**शहीद दिवस के मौके पर नगर निगम के कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई। रविवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाने जब लोग गांधी उद्यान पहुंचे तो वहां न तो सफाई मिली और न ही अन्य तैयारियां ही हुई थीं। इस पर लोगों ने आक्रोश जताया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त ने चार कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की। दो को निलंबित किया तो एक को पद से ही हटा दिया जबकि एक अन्य का 7 दिन का वेतन काटने का आदेश दिया।**

स्थानीय गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा है। इसका रखरखाव और सफाई आदि के जिम्मेदार नगर निगम की है। इसके लिए निगमकर्मी अधिकृत किए गए हैं। महात्मा गांधी और पुण्यतिथि पर यहां लोग श्रद्धांजलि सभा सहित अन्य आयोजन करते हैं। रविवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि होने से लोग श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे थे लेकिन यहां गेट का ताला भी नहीं खुला था। यहां तक कि उद्यान और प्रतिमा की सफाई और अन्य व्यवस्थाएं भी नहीं की गई थीं। इससे लोग ने नारजगी जताते हुए उद्यान के सामने ही धरने पर बैठ गए।

मामला आयुक्त झारिया के संज्ञान में आने पर आयुक्त झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी को लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अनिल पारा (उद्यान पर्यवेक्षक) और नारायण माली को निलंबित करने के आदेश दिए। उद्यान में सफाई नहीं होने से वार्ड प्रभारी जितेंद्र सांगते को पद से हटाने तथा स्वास्थ्य विभाग के स्थायीकर्मी मनीष पिता पन्नालाल को का सात दिन के वेतन काटने का आदेश दिया।

अग्निबाण 31/1/22

# प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई पुण्यतिथि



रतलाम। शांति एवं अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय गांधी उद्यान में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने उपस्थित कांग्रेस जनों को अन्याय अत्याचार व आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने की शपथ दिलाई तत्पश्चात 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष यास्मिन शेरानी प्रदेश सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, सतीश पुरोहित,राजीव रावत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजय सिंह चौहान, कमरुद्दीन कछवाया बार एसोसिएशन अध्यक्ष अभय शर्मा, महिला कांग्रेस सचिव श्रीमती कुसुम चाहर, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, ओएब आरिफ, वहीद शेरानी, रश्मि सिंह, सतीश गिरी, जितेंद्र पंडित, जितेंद्र मिर्ची, अनिल नांदेचा, छोटू चावड़ा, राकेश आचार्य, एक्का बेलूत, सुनील महावर,रशीद अंसारी, हिना शेख, रजनी कैथवास, विजय पंड्या, मनोज खोईवाल, अफजल हुसैन, आरिफा कछवाहा, सुनील खंडकर, सोनू व्यास, आनंदीलाल चौहान, युसूफ शाह, अशफाक भाई मेडिकल वाले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अग्निबाण 31

# जारी रहेगी प्रशासन की मुहिम : कलेक्टर बोले- भू माफिया, अवैध धंधेबाजो और गुंडा तत्वों को नहीं मिलेगी राहत

## बदमाशों पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी

रतलाम। प्रशासन की गुंडा तत्वों और भू माफियाओं पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी कयासों पर विराम लगाते हुए कहा है कि प्रशासन की प्रशासन की मुहिम निरंतर जारी रहेगी । गौरतलब है कि रतलाम में बीते दिनों पुलिस और प्रशासन द्वारा गुंडा तत्वों और भू माफियाओं के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही थी। जिसके बाद एसपी गौरव तिवारी के स्थानांतरण होने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि प्रशासन की मुहिम अब बंद हो जाएगी। लेकिन रतलाम कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी। जिले में गुंडा तत्व, अवैध निर्माण करने वाले और व्हाइट कॉलर माफिया पर प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

दरअसल रतलाम जिले में भू माफियाओं, अवैधधंधों और बदमाशों पर पुलिस और प्रशासन की मुहिम चल रही है। लेकिन रतलाम एसपी गौरव तिवारी के स्थानांतरण होने के बाद माफिया जगत ने राहत की सांस ली थी। लेकिन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी कयासों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन की मुहिम निरंतर जारी रहेगी। हालांकि कलेक्टर ने बताया कि अवैध निर्माण के मामले में शासन की नीति के अनुसार यदि कंपाउंडिंग नियमों के अंतर्गत यदि कोई निर्माण कार्य आता है तो ऐसे मामलों में निर्माणकर्ता को राहत दी जा सकेगी। इन्दौर

इन्दौर समाचार 1/2/22

# कलेक्टर बोले- भू माफिया, अवैध धंधेबाजों और गुंडा तत्वों को नहीं मिलेगी राहत

रतलाम। प्रशासन की गुंडा तत्वों और भू माफियाओं पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी कयासों पर विराम लगाते हुए कहा है कि प्रशासन की प्रशासन की मुहिम निरंतर जारी रहेगी । गौरतलब है कि रतलाम में बीते दिनों पुलिस और प्रशासन द्वारा गुंडा तत्वों और भू माफियाओं के खिलाफ मुहिम



चलाई जा रही थी। जिसके बाद एसपी गौरव तिवारी के स्थानांतरण होने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि प्रशासन की मुहिम अब बंद हो जाएगी। लेकिन रतलाम कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी। जिले में गुंडा तत्व, अवैध निर्माण करने वाले और व्हाइट कॉलर माफिया पर प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

दरअसल रतलाम जिले में भू माफियाओं, अवैधधंधों और बदमाशों पर पुलिस और प्रशासन की मुहिम चल रही है। लेकिन रतलाम एसपी गौरव तिवारी के स्थानांतरण होने के बाद माफिया जगत ने राहत की सांस ली थी। लेकिन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी कयासों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन की मुहिम निरंतर जारी रहेगी। हालांकि कलेक्टर ने बताया कि अवैध निर्माण के मामले में शासन की नीति के अनुसार यदि कंपाउंडिंग नियमों के अंतर्गत यदि कोई निर्माण कार्य आता है तो ऐसे मामलों में निर्माणकर्ता को राहत दी जा सकेगी। प्रसारण

प्रसारण 1/2/22

# गांधी उद्यान पर ताला देख धरने पर बैठे कांग्रेसी

रतलाम, नप्र। शहर कांग्रेस ने गांधी उद्यान पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी को अन्याय, अत्याचार और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की शपथ दिलाई। दो मिनिट 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजन माल्यार्पण करने को पहुंचे, लेकिन गांधी उद्यान पर ताला लगा होने पर वे अंदर नहीं पहुंच सके। बगीचे पर ताला देख नाराज कांग्रेसजनों बगीचे के बाहर ही धरने पर



बैठकर रामधुन गाकर गांधीवादी तरीके से विरोध जताया। महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष यास्मीन शैरानी, प्रदेश सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, सतीश पुरोहित, राजीव रावत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजयसिंह चौहान, कमरुद्दीन कचवाय, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अभय शर्मा, महिला कांग्रेस सचिव कुसुम चाहर, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, जोएब आरिफ, वहीद शैरानी, रश्मि सिंह, सतीश गिरी, जितेंद्र पंडित, जितेंद्र मिर्ची, अनिल नांदेचा, छोटू चावड़ा, राकेश आचार्य, इक्का बैलूत, सुनील महावर, रशीद अंसारी, हिना शेख, रजनी कैथवास, विजय पंड्या, मनोज खोईवाल, सोनू व्यास, युसूफ शाह, अशफाक भाई मेडिकल वाले सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

* रतलाम जिला एथलेटिक एसोसिएशन संघ अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर सतीश पुरोहित ने महात्मा गांधी की 74 वीं पुण्यतिथि पर शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय परिसर पर गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पुरोहित ने इस दौरान गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी बातों का स्मरण किया। इस अवसर पर संघ सचिव अमानत खान, एडवोकेट तरुण पुरोहित, रेलवे मंडल के पूर्व सलाहकार समिति सदस्य जुगल पंड्या, युवा नेता शीतल सेन, टीकम मीणा, इंदरसिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

प्र.की. 31

प्रभातकिरण 31/1/22

# असुरक्षित और जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई में तेजी लाई जाए

## समय-सीमा पत्रों की बैठक में कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

समय-सीमा पत्रों की बैठक में शिक्षा विभाग को एक सप्ताह में जर्जर स्कूल भवनों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निर्देशों को गंभीरता से नहीं लेने पर जिला शिक्षा अधिकारी तथा बाजना, रावटी, सैलाना तहसीलदारों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समय-सीमा पत्रों की बैठक में शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि जिले में असुरक्षित और जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में जर्जर हो चुके स्कूल भवनों की सूची प्रस्तुत करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा उनके निर्देशों को गंभीरता से नहीं लेने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री शर्मा, बाजना, रावटी, सैलाना तहसीलदारों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



### एक दुकान पर बार-बार कार्रवाई की शिकायत

बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी श्री गोयल द्वारा सैलाना में एक ही व्यक्ति की दुकान पर बार-बार चेकिंग तथा नमूने लेने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इस संबंध में शिकायत आई है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बगैर एसडीएम को सूचित किए किसी दुकान से सैंपल नहीं लिए जाएंगे। प्रिकॉशन डोज लेने की समीक्षा में कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देश दिए कि सभी पटवारियों, कोटवारों के शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत जल-जीवन मिशन में सेमलिया ग्राम में नल-जल योजना क्रियान्वयन की जानकारी कलेक्टर ने ली। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के लिए पत्र जारी किया जा चुका है। इसी प्रकार ग्रामीण एसडीएम द्वारा भी नोटिस जारी किया गया है।

### 778 आवेदन लंबित

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई व्यवस्था के तहत नगर निगम के पास 778 आवेदन लंबित हैं, जिनका निराकरण करने में देरी की जा रही है, जनसुनवाई अत्यंत महत्वपूर्ण एवं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। निगमायुक्त इसमें ढिलाई नहीं बरते, तत्काल आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करें।

### शोकाज नोटिस जारी करेंगे

कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग को वांछित भूखंड का आवंटन शीघ्र किया जाए ताकि स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण हो सके। सैलाना, बाजना, रावटी में देरी बरती जा रही है जो गलत है। उक्त तहसीलदारों को शोकाज नोटिस जारी किए जाएंगे।

### अच्छे कार्य पर संतोष जताया

कलेक्टर ने वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा भी की। ग्रामीण जावरा, सैलाना में अच्छे कार्य पर संतोष जताया, परन्तु आलोट, पिपलौदा, रतलाम शहर में अभी गति धीमी है।

### अनमोल एप की इंट्री 4940

अनमोल एप पर गर्भवती महिलाओं की एंट्री की समीक्षा भी की गई तथा बताया गया कि 4940 इंट्री की जा चुकी है, लक्ष्य लगभग 8 हजार इंट्री का है। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की भी समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत को लक्ष्य जारी करने के निर्देश दिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 25 फरवरी को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

### उद्यम क्रांति योजना की भी समीक्षा

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की भी समीक्षा की। महाप्रबंधक उद्योग श्री शर्मा ने बताया कि आवेदन लेकर चेक करके बैंकों को भेजे जा रहे है। उर्वरक उपलब्धता समीक्षा में बताया गया कि जिले में 1315 मैट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। रावटी में खाद की समीक्षा का निदान कर दिया गया है।

स्वदेश

स्वदेश 1/2/22

# महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई



सिंघम रिपोर्टर ❐ रतलाम

शांति एवं अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय गांधी उद्यान में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने उपस्थित कांग्रेस जनों को अन्याय अत्याचार व आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। निगम प्रशासन द्वारा गांधी उद्यान पर ताला लगा दिया गया जिसका विरोध शहर कांग्रेस कमेटी ने धरना देकर राम धुन गाकर किया।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष यास्मिन शेरानी प्रदेश सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, सतीश पुरोहित, राजीव रावत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजय सिंह चौहान, कमरुद्दीन कछवाया बार एसोसिएशन अध्यक्ष अभय शर्मा, महिला कांग्रेस सचिव श्रीमती कुसुम चाहर, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, जोएब आरिफ, वहीद शेरानी, रश्मि सिंह, सतीश गिरी, जितेंद्र पंडित, जितेंद्र मिर्ची, अनिल नांदेचा, छोटू चावड़ा, राकेश आचार्य, इक्का बेलूत, सुनील महावर, रशीद अंसारी, हिना शेख, रजनी कैथवास, विजय पंड्या, मनोज खोईवाल, अफजल हुसैन, आरिफा कछवाहा, सुनील खंडकर, सोनू व्यास, आनंदीलाल चौहान, युसूफ शाह, अशफाक भाई मेडिकल वाले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सिंघम. 31

सिंघम टाईम्स 31/1/22

# साल के पहले महीने में 2499 पॉजिटिव, पिछले साल जनवरी में सिर्फ 255 केस थे, मौतें बराबर

## तीसरी लहर... संक्रमण काबू में आ रहा, पॉजिटिव 100 से कम होने पर होगी राहत, एक्टिव केस अभी 900 से भी ज्यादा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना की तीसरी लहर ने साल के पहले महीने में संकेत अच्छा नहीं दिया है। इस महीने 2499 पॉजिटिव सामने आ गए हैं, जबकि, पिछले साल जनवरी महीने में 255 केस थे। बड़ी राहत ये है कि ज्यादा केस होने के बाद मौत का आंकड़ा नहीं बढ़ा है। इस महीने दो मौत हुई, पिछले साल भी 2 मौत हुई थी।

जनवरी की शुरुआत में जिले में 0 केस थे। इसके बाद मामले बढ़ना शुरू हो गए। जिले में 16 दिन से पॉजिटिव केस 100 से ज्यादा सामने आ रहे हैं। 20 जनवरी और 24 जनवरी को पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 150 तक पहुंचा गया था, जो कि इस तीसरी लहर में सबसे ज्यादा है। हालांकि, इसके बाद पॉजिटिव की संख्या कम होने लगी है। अभी पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 120 के आसपास है। इधर, जानकारों के मुताबिक पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 100 से कम होने पर राहत हो सकती है।

### रिकॉल : 11 अप्रैल 2020 को कोरोना का पहला मरीज मिला था शहर में

- 11 अप्रैल 2020 को कोरोना का पहला मरीज सामने आया था। 15 जून यानी 66 दिन में मरीजों का आंकड़ा 100 के पार हो गया था।
- जनवरी 2021 तक जिले में 4 हजार से ज्यादा केस मिल गए थे। तब तक कोरोना की पहली लहर ही थी।
- मई-जून 2021 में कोरोना की दूसरी लहर आई, तब एक दिन में 398 पॉजिटिव तक मिले है। रोज 5 से 6 मौतें भी हो रही थी।
- पिछले साल जनवरी के महीने में पहली लहर शांत थी, तब भी 2 मौत के मामले सामने आए थे। जबकि, इस बार तीसरी लहर पीक पर होने के बाद भी सिर्फ 2 मौत ही हुई है।
- पिछले साल जनवरी महीने के आखिरी 19 दिन पॉजिटिव का आंकड़ा दहाई पर भी नहीं था, इस बार आखिरी 16 दिन 100 से ज्यादा रहा।
- पिछले साल जनवरी के महीने में कोविड-19 और डेल्टा वैरिएंट था, इस बार ओमिक्रॉन और डेल्टा का इफैक्ट देखने को मिल रहा है।

### राहत... आखिरी 5 दिन 609 नए पॉजिटिव, 718 डिस्चार्ज

इधर, जनवरी का महीना खत्म होने के साथ ही बड़ी राहत भी मिली है। इस महीने आखिरी 5 दिन में 609 नए पॉजिटिव सामने आए है, जबकि 718 मरीज ठीक भी हो गए है। इधर, जिले में अति गंभीर मरीजों का प्रतिशत 1 से भी कम बना हुआ है।

भास्कर

**आखिरी दिनों में इस तरह राहत**

| दिनांक | नए मरीज | ठीक हुए |
|---|---|---|
| 27 जनवरी | 120 | 150 |
| 28 जनवरी | 120 | 139 |
| 29 जनवरी | 120 | 136 |
| 30 जनवरी | 119 | 149 |

दै. भास्कर 1/2/22

# आनंद है तो जीवन है : झारिया

# नए भारत की गाथा, रंगोली से की

रतलाम। मध्यप्रदेश राज्य आंनद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के अंतर्गत नगर निगम रतलाम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हनुमान ताल पर किया गया। स्वच्छता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में बालक, बालिका तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रतलाम आनंद क्लब के सभी आनंदक ने स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर एक पर लाने की भावना को चित्रित करती रंगोली बनाई ।



खूबसूरत रंगोलियों को देखकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यदि मुझे रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करना पड़ता तो मैं सभी रंगोलियों को प्रथम पुरस्कार देता। उन्होंने सभी रतलामवासियों से अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लोगों के जीवन में से तनाव दूर करने के लिए खेल व सांस्कृतिक आयोजन द्वारा आनंद उत्सव मनाया जाना बहुत ही काबिले तारीफ़ है। अब इस आनंद को अपनी प्रतिदिन की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिये। तनाव ही कम उम्र में बीमारियों के होने की वजह है। जिंदगी में आनंद की अनुभूति होना बहुत जरूरी है। आनंद है तो सब कुछ है।

पर्यावरणविद खुशहाल सिंह पुरोहित ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ आनंदित रह सकते हैं इसलिए आनंद क्लब पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्यक्रम जारी रखे। मप्र जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी रत्नेश विजयवर्गीय ने शहर को स्वच्छ, सुंदर व प्लास्टिक के निपटान के लिए प्लास्टिक की बोतल में रैपर, प्लास्टिक थैली भरकर इको ब्रिक बनाना बताया। सीमा अग्निहोत्री द्वारा जिले के विद्यार्थियों से बनवाई गई इको ब्रिक के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि 1 हजार ब्रिक एकत्र होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त श्री विकास सोलंकी व स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर नवोदित बैरागी व दिव्या पाटीदार जोशी, जिले के इको क्लब मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा भी उपस्थित थे। रंगोली प्रतियोगिता के लिए निर्णायक डॉ माणिक डांगे, डॉ अनामिका सारस्वत व जयश्री सोलंकी रहे। आनंद उत्सव के लिए जिला प्रभारी आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत ने कार्यक्रम का संचालन किया। आनंदक राजेंद्र चतुर्वेदी ने समस्त अतिथियों का आभार माना।

आनंद उत्सव की रंगोली प्रतियोगिता में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत के साथ आनंदक अणिमा आचार्य, मधु परिहार पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र अग्निहोत्री, प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, कृष्णलाल शर्मा, आशा पुरी, आशा रावत, धर्मा कोठारी, विशाल वर्मा, विमलेश वर्मा, कमल सिंह राठौर, राजेंद्र चतुर्वेदी, विजय शर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, प्रीति गोठवाल, रामनिवास राठौर ने सहयोग किया। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने कहा कि मात्र 14 से 28 जनवरी तक ही आनंद उत्सव नहीं था, रतलाम आनंद क्लब द्वारा आनंद के लिये सतत गतिविधियां जारी रहेगी।रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-बालिका वर्ग-प्रथम -दीप्ति पोरवाल, द्वितीय-याषिका टांक, तृतीय-प्रियंका गौड़, बालक वर्ग-प्रथम -आकाश शर्मा, द्वितीय-आयुष शर्मा, तृतीय-रोहित यादव, महिला वर्ग-प्रथम-निधि जैन, रिद्धि जैन, द्वितीय-राधा सांखला तृतीय- स्तुति अग्निहोत्री, आशा पुरी। इन्दौर

इन्दौर समाचार 1/2/22

पुरातात्विक धरोहरों को हटाने की शुरू हुई प्रक्रिया

# बदलाव की तैयारी : गुलाब चक्कर को निखारने की शुरू हुई कवायद

पत्रिका हमारी विरासत

## प्रतिमाएं इतनी भारी की हटाने में छूट रहे पसीने

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर में जीर्णोद्धार की कवायद शुरू हो गई है। कलेक्टर के निर्देशन में पुरातात्विक विभाग द्वारा इसका काम कराया जा रहा है। इसे लेकर यहां स्थित मूर्तियों सहित अन्य बेशकीमती सामान को स्थानांतरित करने का काम शुरू हो गया है। जल्द ही इसकी मरम्मत का काम पूरा हो जाएगा और यह नए निखरे स्वरूप में नजर आने लगेगा।

गुलाब चक्कर की सूरत को बदलने के लिए इसके अंदर के सभी सामान और मूर्तियों को यहां से हटाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए श्रमिकों की पूरी टीम लगाई गई है। इन श्रमिकों के भी यहां रखी मूर्तियों और बेशकीमती सामग्री को उठाने में पसीने छूट रहे हैं। दरअसल यहां जो पत्थरों पर बनी कलाकृतियां और मूर्तियां रखी हुई हैं, वह इतनी भारी भरकम है कि आठ लोग मिलकर भी उसे ठीक से उठा नही पा रहे हैं।

### पुराने कलेक्ट्रेट में रख रहे सामग्री

गुलाब चक्कर को खाली किए जाने के दौरान यहां रखी मूर्तियों के साथ अन्य बेशकीमती सामान को यहां से उठाकर पुराने कलेक्टर कार्यालय परिसर के पीछे के हिस्से में सुरक्षित तरीके से रखा जा रहा है। यहां सभी सामान रखे जाने के बाद गुलाब चक्कर के अंदर मरम्मत के साथ अन्य काम शुरू किया जाएगा। यहां काम पूरा होने के बाद अधिकारियों द्वारा वस्तु स्थिति का जायजा लेने के बाद यहां से हटाए गए सामान को फिर से यहां पर रखा जाएगा।



**पुरातत्व विभाग के है अधीन-** गुलाब चक्कर पुरातत्व विभाग के अधीन है। ऐसे में यहां की देख-रेख और रख-रखाव का जिम्मा भी विभाग के ऊपर ही है। हर वर्ष यहां परिसर में प्रशासन द्वारा कोई न कोई आयोजन करोया जाता है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर भी यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है। लंबे समय से इसकी मरम्मत को लेकर चर्चा चल रही थी जिस पर अब जाकर अमल हो रहा है।

पत्रिका 1/2/22

**अनुमतियां चेक करेंगे** • शिकायतों के बाद अमला सक्रिय, जांच पूरी होने के बाद प्रशासन उठाएगा कदम

# सागोद रोड के सभी मैरिज गार्डन की नपती करेंगे, नियम विपरीत निर्माण पर कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भूमाफिया और गुंडों के इरादों को बुलडोजर कुचलने के बाद सरकारी अमले की नजर सागोद रोड के मैरिज गार्डन पर है। शिकायतें मिलने के बाद अमला सक्रिय हो गया है। अंदरुनी जांच शुरू हो चुकी है। प्रारंभ में मैरिज गार्डन की लिस्ट बनाई जा रही है। निर्माण व अन्य अनुमतियां चेक की जाएगी। इसके बाद सभी गार्डन की नपती होगी।

नियमों के विपरीत निर्माण मिलने पर प्रशासन नोटिस देकर कार्रवाई करेगा। सारी कवायद सुकून कॉटेज तोड़ जाने के बाद शुरू हुई है। दरअसल बाजना बस स्टैंड से लेकर वरोठमाता मंदिर तक वाले फोरलेन पर हाल ही की कुछ सालों में रॉयल पैलेस, जलसा, चंपा विहार सहित कई मैरिज गार्डन बनते जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से अधिकांश ने विधिवत अनुमति नहीं ले रखी है। इतना ही नहीं मांगलिक भवन मनमाने तरीके से बना रखे हैं। इनकी जांच होगी।

### सागोद रोड के बाद इन क्षेत्र के मैरिज गार्डन की बारी

• बाजना बस स्टैंड • 80 फीट रोड • सैलाना रोड • महू रोड • रत्लेश्वर रोड • हरमाला रोड • जवाहर नगर • इंद्रानगर।

## सख्ती... गुंडा तत्व, अवैध निर्माण और व्हाइट कॉलर माफिया पर एक्शन होगा



मैरिज गार्डन इस तरह मुख्य सागोद रोड तक बने हुए हैं।

### बंद नहीं होगी मुहिम, जल्द होगी कार्रवाई

सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने साफ कर दिया है कि गुंडा तत्वों, अवैध कॉलोनियों काटने वाले भूमाफिया और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चल रही मुहिम बंद नहीं होगी। कई तरह की शिकायतें मिल रही है, जबकी जांच करवा रहे हैं। बारी-बारी से गुंडा तत्व, अवैध निर्माण करने वाले और व्हाइट कॉलर माफिया सब पर एक्शन होगा। आपराधिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। कलेक्टर के अनुसार अवैध निर्माण सरकारी नियमों के दायरे में आता है तो निर्माणकर्ता को कंपाउंडिंग करा‍ने की छूट दी जाएगी।

### पार्किंग, ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से रहवासी परेशान

बड़ी बात यह है कि अधिकांश मैरिज गार्डन में पार्किंग, ड्रेनेज और वैवाहिक कार्यक्रम से निकलने वाले कचरे के निपटान की कोई व्यवस्था नहीं हैं। ऐसे में मांगलिक कार्यक्रम होने पर ट्रैफिक तो जाम होता ही है, ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से गंदगी फैलती है। इससे आसपास के रहवासी और राहगीरों को परेशानी होती है। इसे लेकर स्थानीय निवासी कई बार नगर निगम को मौखिक और लिखित शिकायत कर चुके हैं, अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। प्रशासन की अतिक्रमण, अवैध कॉलोनियों और भूमाफिया पर चल रही कार्रवाई के बाद एक बार फिर रहवासियों ने शिकायत करना शुरू कर दिया है।

### अनुमति विपरीत निर्माण मिला तो तोड़ेंगे

*सभी मैरिज गार्डन की जांच होगी। इनमें जो अनुमति विपरीत मिलेगा, उसे तोड़ा जाएगा। बिना परमिशन किए निर्माण को लेकर कंपाउंडिंग का प्रोविजन है। उसके अनुसार रेगुलाइज करेंगे। ऐसे निर्माण जिन्हें रेगुलाइज नहीं किया जा सकता, उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी।*

**सोमनाथ झारिया,** कमिश्नर

भास्कर

दै. भास्कर 1/2/22

# आनंद है तो जीवन है : झारिया

## नए भारत की गाथा, रंगोली से की साझा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



मध्यप्रदेश राज्य आंनद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के अंतर्गत नगर निगम रतलाम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हनुमान ताल पर किया गया। स्वच्छता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में बालक, बालिका तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रतलाम आनंद क्लब के सभी आनंदक ने स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर एक पर लाने की भावना को चित्रित करती रंगोली बनाई।

खूबसूरत रंगोलियों को देखकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यदि मुझे रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करना पड़ता तो मैं सभी रंगोलियों को प्रथम पुरस्कार देता। उन्होंने सभी रतलामवासियों से अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लोगों के जीवन में से तनाव दूर करने के लिए खेल व सांस्कृतिक आयोजन द्वारा आनंद उत्सव मनाया जाना बहुत ही काबिले तारीफ है। अब इस आनंद को अपनी प्रतिदिन की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिये। तनाव ही कम उम्र में बीमारियों के होने की वजह है। जिंदगी में आनंद की अनुभूति होना बहुत जरूरी है। आनंद है तो सब कुछ है।

पर्यावरणविद खुशहाल सिंह पुरोहित ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ आनंदित रह सकते हैं इसलिए आनंद क्लब पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्यक्रम जारी रखे। मप्र जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी रत्नेश विजयवर्गीय ने शहर को स्वच्छ, सुंदर व प्लास्टिक के निपटान के लिए प्लास्टिक की बोतल में रैपर, प्लास्टिक थैली भरकर इको ब्रिक बनाना बताया।

सीमा अग्निहोत्री द्वारा जिले के विद्यार्थियों से बनवाई गई इको ब्रिक के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि 1 हजार ब्रिक एकत्र होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा।

इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त श्री विकास सोलंकी व स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर नवोदित बैरागी व दिव्या पाटीदार जोशी, जिले के इको क्लब मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा भी उपस्थित थे।

रंगोली प्रतियोगिता के लिए निर्णायक डॉ. माणिक डगे, डॉ. अनामिका सारस्वत व जयश्री सोलंकी रहे। आनंद उत्सव के लिए जिला प्रभारी आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत ने कार्यक्रम का संचालन किया। आनंदक राजेंद्र चतुर्वेदी ने समस्त अतिथियों का आभार माना।

आनंद उत्सव की रंगोली प्रतियोगिता में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत के साथ आनंदक अणिमा आचार्य, मधु परिहार पुष्पेंद्रसिंह सिसौदिया, सुरेंद्र अग्निहोत्री, प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, कृष्णलाल शर्मा, आशा पुरी, आशा रावत, धर्मा कोठारी, विशाल वर्मा, विमलेश वर्मा, कमल सिंह राठौर, राजेंद्र चतुर्वेदी, विजय शर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, प्रीति गोठ्वाल, रामनिवास राठौर ने सहयोग किया। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने कहा कि मात्र 14 से 28 जनवरी तक ही आनंद उत्सव नहीं था, रतलाम आनंद क्लब द्वारा आनंद के लिए सतत गतिविधियां जारी रहेगी।

रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-बालिका वर्ग-प्रथम -दीप्ति पोरवाल, द्वितीय-याषिका टांक, तृतीय-प्रियंका गौड़, बालक वर्ग-प्रथम -आकाश शर्मा, द्वितीय-आयुष शर्मा, तृतीय-रोहित यादव, महिला वर्ग-प्रथम-निधि जैन, रिद्धि जैन, द्वितीय-राधा सांखला तृतीय- स्तुति अग्निहोत्री, आशा पूरी।

प्रसारण

प्रसारण 1/2/22

# आनंद को अपनी प्रतिदिन की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिए- झारिया

## स्वच्छता थीम पर रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया



रतलाम ● स्वदेश समाचार

आनंद उत्सव के अंतर्गत नगर निगम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हनुमान ताल पर किया गया । स्वच्छता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में बालक ,बालिका तथा महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। रतलाम आनंद क्लब के सभी आनंदक ने स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर एक पर लाने की भावना को चित्रित करती रंगोली बनाई।

खूबसूरत रंगोलियों को देखकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यदि मुझे रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करना पड़ता तो मैं सभी रंगोलियों को प्रथम पुरस्कार देता। उन्होंने सभी रतलामवासियों से अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की।

श्री झारिया ने मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लोगों के जीवन में से तनाव दूर करने के लिए खेल व सांस्कृतिक आयोजन द्वारा आनंद उत्सव मनाया जाना बहुत ही काबिले तारीफ है। अब इस आनंद को अपनी प्रतिदिन की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिए। तनाव ही कम उम्र में बीमारियों के होने की वजह है। जिंदगी में आनंद की अनुभूति होना बहुत जरूरी है। आनंद है तो सब कुछ है।

पर्यावरणविद खुशहाल सिंह पुरोहित ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ आनंदित रह सकते हैं, इसलिए आनंद क्लब पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्यक्रम जारी रखे। मप्र जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी रत्नेश विजयवर्गीय ने शहर को स्वच्छ,सुंदर व प्लास्टिक के निपटान के लिए प्लास्टिक की बोतल में रैपर,प्लास्टिक थैली भरकर इको ब्रिक बनाना बताया।

सीमा अग्निहोत्री द्वारा जिले के विद्यार्थियों से बनवाई गई इको ब्रिक के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि 1 हजार ब्रिक एकत्र होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा।

इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी व स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर नवोदित बैरागी व दिव्या पाटीदार जोशी ,जिले के इको क्लब मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा भी उपस्थित थे।

रंगोली प्रतियोगिता के लिए निर्णायक डॉ. माणिक डांगे, डॉ. अनामिका सारस्वत व जयश्री सोलंकी रहे। आनंद उत्सव के लिए जिला प्रभारी आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत ने संचालन किया। आनंदक राजेंद्र चतुर्वेदी ने समस्त अतिथियों का आभार माना।

आनंद उत्सव की रंगोली प्रतियोगिता में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत के साथ आनंदक अणिमा आचार्य, मधु परिहार पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया, सुरेंद्र अग्निहोत्री , प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री , कृष्णलाल शर्मा, आशा पुरी, आशा रावत, धर्मा कोठारी ,विशाल वर्मा, विमलेश वर्मा, कमल सिंह राठौर, राजेंद्र चतुर्वेदी, विजय शर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, प्रीति गोठवाल, रामनिवास राठौर ने सहयोग किया।

रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-बालिका वर्ग-प्रथम -दीप्ति पोरवाल, द्वितीय-याशिका टांक, तृतीय-प्रियंका गौड़, बालक वर्ग-प्रथम -आकाश शर्मा, द्वितीय-आयुष शर्मा, तृतीय-रोहित यादव, महिला वर्ग-प्रथम-निधि जैन,रिद्धि जैन, द्वितीय-राधा सांखला तृतीय- स्तुति अग्निहोत्री, आशा पुरी। स्वदेश

स्वदेश 1/2/22

# आनंद है तो जीवन है- निगमायुक्त

रतलाम, नप्र। तनाव कम उम्र में बीमारियों के होने की वजह है। जिंदगी में आनंद की अनुभूति होना बहुत जरूरी है। आनंद है तो सब कुछ है। यह बात निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कही।

मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान ने हनुमान ताल पर मनाए जा रहे आनंद उत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि 'आनंद' को अपनी रोजाना



की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिए। वे आनंद उत्सव के तहत स्वच्छता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। इस स्पर्धा में बालक-बालिकाओं और महिलाओं ने उत्साह से भाग लेकर स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर एक पर लाने की भावना को चित्रित करती रंगोली बनाई। खूबसूरत रंगोलियों को देखकर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यदि मुझे रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करना पड़ता तो मैं सभी रंगोलियों को प्रथम पुरस्कार देता। पर्यावरणविद खुशालसिंह पुरोहित ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ आनंदित रह सकते हैं इसलिए आनंद क्लब पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्यक्रम जारी रखे। सीमा अग्निहोत्री ने जिले के विद्यार्थियों से बनवाई इको ब्रिक के कामों की तारीफ करते हुए कहा कि 1 हजार ब्रिक जमा होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा। निगम उपायुक्त विकास सोलंकी व स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर नवोदित बैरागी, दिव्या पाटीदार, जिले के इको क्लब मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा मौजूद रहे।

प्रभातकिरण 30/1/22

# नए स्वच्छ भारत की गाथा रंगोली के साथ की साझा

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के अंतर्गत नगर निगम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हनुमान ताल पर किया गया। स्वच्छता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में बालक-बालिका तथा महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रतलाम आनंद क्लब के सभी आनंदक ने स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर वन पर लाने की भावना को चित्रित करती रंगोली बनाई।

## आनंद उत्सव के अंतर्गत नगर निगम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



खूबसूरत रंगोलियों को देखकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यदि मुझे रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करना पड़ता तो मैं सभी रंगोलियों को प्रथम पुरस्कार देता। उन्होंने सभी रतलाम वासियों से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। मप्र राज्य आनंद संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि मप्र सरकार द्वारा लोगों के जीवन में से तनाव दूर करने के लिए खेल व सांस्कृतिक आयोजन द्वारा आनंद उत्सव मनाया जाना काबिल-ए-तारीफ है। अब इस आनंद को अपनी प्रतिदिन की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिए। तनाव ही कम उम्र में बीमारियों के होने की वजह है। जिंदगी में आनंद की अनुभूति होना बहुत जरूरी है। आनंद है तो सब कुछ है।

पर्यावरणविद् डा. खुशालसिंह पुरोहित ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ आनंदित रह सकते हैं। इसलिए आनंद क्लब पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्यक्रम जारी रखे। मप्र जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी रत्नेश विजयवर्गीय ने शहर को स्वच्छ, सुंदर व प्लास्टिक के निपटान के लिए प्लास्टिक की बोतल में रैपर, प्लास्टिक थैली भरकर ईको ब्रिक बनाना बताया। सीमा अग्निहोत्री ने जिले के विद्यार्थियों से बनवाई गई ईको ब्रिक के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि एक हजार ब्रिक एकत्र होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर नवोदित बैरागी, दिव्या पाटीदार जोशी, जिले के ईको क्लब मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा भी उपस्थित थे। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने कहा कि मात्र 14 से 28 जनवरी तक ही आनंद उत्सव नहीं था।

रतलाम आनंद क्लब द्वारा आनंद के लिए सतत गतिविधियां जारी रहेगी। संचालन आनंद उत्सव के लिए जिला प्रभारी आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत ने किया। आभार आनंदक राजेंद्र चतुर्वेदी ने माना।

## रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम

बालिका वर्ग में दीप्ति पोरवाल प्रथम, याशिका टांक द्वितीय, प्रियंका गौड़ तृतीय रहीं। बालक वर्ग में आकाश शर्मा प्रथम, आयुष शर्मा द्वितीय, रोहित यादव तृतीय रहे। महिला वर्ग में निधि जैन, रिद्धि जैन प्रथम, राधा सांखला द्वितीय, स्तुति अग्निहोत्री, आशा पूरी तृतीय रहीं।

दबंग दुनिया। 1/2/22

महामारी

114 नए पाजिटिव केस, 150 मरीज स्वस्थ हुए

# जिले में तेजी से घटने लगे कोरोना के सक्रिय केस

रतलाम। कोरोना की तीसरी लहर में नए पाजिटिव केस की संख्या कम हो रही है, वहीं स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। हालांकि लगातार 17वें दिन सोमवार को भी 100 से ज्यादा पाजिटिव केस सामने आए, लेकिन एक्टिव केस तेजी से कम हो रहे हैं। इससे सभी राहत महसूस कर रहे हैं

सोमवार को 114 नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं 150 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 855 रह गई है। जिले में अब तक 20126 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 18958 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 313 है। शासकीय मेडिकल कालेज की लैब से 735 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।



बाजना मे सतर्क ता डोज लगवाते हुए कल्याणसिंह चौहान।




### बूस्टर डोज लगवाया

बाजना। राजपूत नवयुवक मंडल के वरिष्ठ कल्याणसिंह चौहान ने सपत्नीक बूस्टर डोज लगवाया। उन्होंने आमजन से शासन को सहयोग कर कोरोना महामारी से परिवार को सुरक्षित रखकर देश स्वस्थ रखने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में फैल रही भ्रांतियों को दूर कर सभी समाज प्रमुखों को आगे आना होगा। कन्या संकुल के सेवानिवृत्त बाबू रामेश्वर जादव व शिक्षक मांगीलाल परमार ने भी बूस्टर डोज लगवाकर सभी को प्रेरित किया।

### जिले में कोरोना मरीजों की स्थिति

| तारीख | पाजिटिव केस |
|---|---|
| 31 जनवरी | 114 |
| 30 जनवरी | 119 |
| 29 जनवरी | 120 |
| 28 जनवरी | 120 |
| 27 जनवरी | 120 |
| 26 जनवरी | 130 |
| 25 जनवरी | 132 |

### कोरोना समाप्ति के लिए किया हवन-पूजन

कोरोना महामारी की समाप्ति व देश-दुनिया में सुख समृद्धि की कामना को लेकर स्थानीय गायत्री प्रज्ञा पीठ पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया।

नईदुनिया 1/2/22

# कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें

रतलाम. जिले में लगातार तेजी से बढ़ते कोरोना मामलों को देख कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिलेवासियों से अपील की है कि लोग कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। सभी लोगों कोरोना संक्रमण से बचाव के संबंध में दिए गए दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोरोना वैक्सीनेशन कार्य किया जा रहा है। आप वैक्सीन लगवाकर न केवल स्वयं को कोरोना से सुरक्षित करें, अपितु दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। कोविड-19 के संक्रमण के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए सभी व्यक्ति वैक्सीन लगवाए तथा अपने पास पड़ोस, मोहल्ले के लोगों एवं अन्य चिर-परिचित लोगों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। वैक्सीनेशन की जानकारी के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है। वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी के लिए कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटल स्थापित किया गया है, इस पर संपर्ककर सकते है।

# जवाहर नगर की स्ट्रीट लाइट बंद

## गणेश मंदिर के आगे वाली लाइन में छह महीने से परेशानी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जवाहर नगर बी कॉलोनी की स्ट्रीट लाइट बंद है। लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। आलम ऐसा है कि नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा। इस समस्या को लेकर वे कई बार शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

रहवासी गेंदालाल राजपूत ने बताया गणेश मंदिर के आगे वाली लाइन में 6 महीने से स्ट्रीट लाइट बंद है। शिकायत पहले नगर निगम में की थी, कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन में मामले की शिकायत दर्ज की थी। यहां समस्या का समाधान नहीं हुआ। एक अन्य रहवासी राजेंद्रसिंह पंवार ने बताया स्ट्रीट लाइट देखने क्षेत्र में कुछ लोग जरूर आए थे, लेकिन दूर से देखकर चले गए। इसके बाद कोई लौट कर नहीं आया। इधर, स्ट्रीट लाइट बंद होने से क्षेत्र में [illegible]

### असामाजिक तत्वों का रहता है डेरा

इधर, रहवासियों के मुताबिक अंधेरा होने के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का डेरा भी होने लगा है। इसे लेकर विवाद भी हुए है। ऐसे में रहवासियों में भी डर का माहौल रहता है। इधर, स्ट्रीट लाइट शुरू नहीं होने पर रहवासियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### इन नंबरों पर कर चुके हैं शिकायत

रहवासी नगर निगम में शिकायत देने के साथ 7987143091, 18001803580, 2942693244 नंबर पर भी शिकायत दर्ज कर चुके हैं। सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दी है, शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सिर्फ यह पूछने के लिए फोन आते है कि स्ट्रीट लाइट शुरू हुई है या नहीं। मना कर देते है तो फोन काट दिया जाता है। भास्कर

दै. भास्कर 1/2/22

# गंदगी करने पर 7 दुकानें पर किया जुर्माना

## मास्क नहीं लगाने पर 15 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर पहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 29 जनवरी को 7 दुकानदारों द्वारा गंदगी करने पर जुर्माना किया। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 15 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईष दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि पहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े मो. नं. 7471144931, श्री क़िरण चौहान मो.नं. 7471144932, श्री विनय चौहान मो.नं. 8770535145, श्री विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाष पिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

स्वतंत्र टेलीग्राम 1/2/22

## 62 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। सोमवार को 62 टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया।

## पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार तक 9000 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 1/2/22

## 8584 पेंशन हितग्राहियों का हुआ भौतिक सत्यापन

### पेंषन पाने वाले हितग्राही अपना भौतिक सत्यापन करवायें

रतलाम । रतलाम पहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राश्ट्रीय वृद्धा पेंषन, राश्ट्रीय विधवा पेंषन, राश्ट्रीय निःषक्त पेंषन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंषन, विधवा पेंषन, निःषक्त पेंषन, मानसिक बहुविकलांग पेंषन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का षासन निर्देषानुसार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है जिसके तहत 29 जनवरी षनिवार तक 8584 पेंषन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 85.84 प्रतिषत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

अग्निबाण 31

# दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को याद किया



रतलाम। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की स्मृति में निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगम सभागृह में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये व दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को याद किया।

अग्निबाण ३१/१/२२

# 2751 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यषील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु 2560 हितग्राहियों को राषि रूपये 10,000/-, तथा द्वितीय कार्यषील पूंजी हेतु 191 हितग्राहियों को राषि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 101 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवष्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

## अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही

रतलाम । षहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेषन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जायेगी। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देषित किया है षहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर तोड़ने की कार्यवाही प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जाये।

स्वतंत्र [illegible] 1/2/22

# उद्यान पर्यवेक्षक, झोन प्रभारी व माली निलंबित

रतलाम। महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथी पर नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित गांधी उद्यान में समय पर ताला नहीं खोलने व साफ-सफाई नहीं पाये जाने के संबंध में नागरिकों द्वारा नाराजगी प्रकट किये जाने पर उद्यान पर्यवेक्षक अनिल पारा, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, माली नारायण गेहलोत को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया साथ ही कुश सांगते को वार्ड क्रमांक 35 के प्रभार से मुक्त किया गया इसके अलावा स्थायीकर्मी माली मनीष-पन्नालाल का 7 दिवस का वेतन काटा गया। उक्त लापरवाही के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

सिंघम 31

## इंजीनियर कुरेशी, दशोत्तर, सहा. वर्ग-2 गेहलोत की 1-1 वेतनवृद्धि रोकी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक द्वारा 18 जनवरी को अमृत सागर कन्सर्वेशन के अन्तर्गत डिस्लेटिंग प्रपोजल अनुमोदन किये जाने के बाद भी इप्को को प्रस्ताव नहीं भेजे जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, अरविन्द दशोतर व सहायक वर्ग-2 श्री कैलाश गेहलोत की 1-1 वेतनवृद्धि रोकी व कम्प्युटर आपरेटर पुष्पेन्द्र सिंह को कार्य से बर्खास्त किया गया।

सिंघम- 31/1/22

# स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी, दरोगा व सफाई मित्रों का 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम । महू रोड बस स्टैण्ड की सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण किये जाने पर बस स्टैण्ड परिसर में कचरा एवं गंदगी पाये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व 2 सफाई मित्रों का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा महू रोड बस स्टैण्ड का निरीक्षण करने पर परिसर में गंदगी व कचरा पाये जाने व नियमित रूप से सफाई नहीं होने पर स्वाथ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े, वार्ड दरोगा ऋशि मोहन, सफाई मित्र अरूण व मनीश का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

स्वतंत्र

स्वतंत्र देवास 1/2/22

# इंजीनियर कुरेशी, दशोत्तर सहायक वर्ग-2 गेहलोत की 1-1 वेतनवृद्धि रोकी

अग्निबाण 31

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक द्वारा 18 जनवरी को अमृत सागर कन्सर्वेशन के अन्तर्गत डिस्लेटिंग प्रपोजल अनुमोदन किये जाने के बाद भी इप्को को प्रस्ताव नहीं भेजे जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार प्रभारी सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, अरविन्द दशोत्तर व सहायक वर्ग-2 कैलाश गेहलोत की 1-1 वेतनवृद्धि रोकी व कम्प्युटर आपरेटर पुष्पेन्द्र सिंह को कार्य से बर्खास्त किया गया।

अग्निबाण 31/1/22

हनुमान ताल पर हुई प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, विजेताओं को पुरस्कार बांटे

# शहर की स्वच्छता के लिए बनाई एक से बढ़कर एक रंगोली

**निगम कमिश्नर बोले-सभी रंगोलियां प्रथम पुरस्कार लायक**



● रतलाम।

**मध्यप्रदेश राज्य आंनद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के अंतर्गत नगर निगम रतलाम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हनुमान ताल पर किया गया। स्वच्छता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में बालक, बालिका तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रतलाम आनंद क्लब के सभी आनंदक ने स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर एक पर लाने की भावना को चित्रित करती रंगोली बनाई।**

खूबसूरत रंगोलियों को देखकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यदि मुझे रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करना पड़ता तो मैं सभी रंगोलियों को प्रथम पुरस्कार देता। उन्होंने सभी रतलामवासियों से अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। निगम आयुक्त ने मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लोगों के जीवन मे से तनाव दूर करने के लिए खेल व सांस्कृतिक आयोजन द्वारा आनंद उत्सव मनाया जाना बहुत ही काबिले तारीफ़ है। अब इस आनंद को अपनी प्रतिदिन की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिये। तनाव ही कम उम्र में बीमारियों के होने की वजह है। जिंदगी में आनंद की अनुभूति होना बहुत जरूरी है। आनंद है तो सब कुछ है। पर्यावरणविद खुशहाल सिंह पुरोहित ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ आनंदित रह सकते हैं इसलिए आनंद क्लब पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्यक्रम जारी रखे। मप्र जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी रत्नेश विजयवर्गीय ने शहर को स्वच्छ,सुंदर व प्लास्टिक के निपटान के लिए प्लास्टिक की बोतल में रैपर, प्लास्टिक थैली भरकर इको ब्रिक बनाना बताया।



**1 हजार ब्रिक एकत्र होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा**

सीमा अग्निहोत्री द्वारा जिले के विद्यार्थियों से बनवाई गई इको ब्रिक के कार्यों की तारीफकरते हुए कहा कि 1 हजार ब्रिक एकत्र होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी व स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर नवोदित बैरागी व दिव्या पाटीदार जोशी, जिले के इको क्लब मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा भी उपस्थित थे। रंगोली प्रतियोगिता के लिए निर्णायक डॉ.माणिक डगे, डॉ.अनामिका सारस्वत व जयश्री सोलंकी रहे। आनंद उत्सव के लिए जिला प्रभारी आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत ने कार्यक्रम का संचालन किया। आनंदक राजेंद्र चतुर्वेदी ने समस्त अतिथियों का आभार माना।

आनंद उत्सव की रंगोली प्रतियोगिता में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरीश सारस्वत के साथ आनंदक अणिमा आचार्य, मधु परिहार पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र अग्निहोत्री, प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, कृष्णलाल शर्मा, आशा पुरी, आशा रावत, धर्मा कोठारी ,विशाल वर्मा, विमलेश वर्मा, कमल सिंह राठौर, राजेंद्र चतुर्वेदी, विजय शर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, प्रीति गोठवाल, रामनिवास राठौर ने सहयोग किया। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने कहा कि मात्र 14 से 28 जनवरी तक ही आनंद उत्सव नहीं था, रतलाम आनंद क्लब द्वारा आनंद के लिये सतत गतिविधियां जारी रहेगी। रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे- बालिका वर्ग-प्रथम -दीप्ति पोरवाल, द्वितीय-याशिका टौंक, तृतीय-प्रियंका गौड़, बालक वर्ग-प्रथम -आकाश शर्मा, द्वितीय-आयुष शर्मा, तृतीय-रोहित यादव, महिला वर्ग-प्रथम-निधि जैन,रिद्धि जैन, द्वितीय-राधा सांखला तृतीय- स्तुति अग्निहोत्री, आशा पूरी।

अग्निबाण 31/1/22

## आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने आयुक्त झारिया और निगमकर्मियों को दी शाबासी



सोमनाथ झारिया

रतलाम | सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण में नंबर वन आने पर नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने आयुक्त सोमनाथ झारिया और निगमकर्मियों को शाबासी दी है। बता दें कि जनवरी में 93.59 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ नगर निगम ए ग्रेड के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। इस पर संचालनालय आयुक्त ने विशेष रूप से पत्र भेजकर निगम आयुक्त और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की निराकरण में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा की। साथ ही आगे इसी तरह काम करने निगम को आगे रखने की आशा व्यक्त की है। भास्कर

दै. भास्कर 1/2/22

## सीएम हेल्प लाईन शिकायत निराकरण में रतलाम बना नम्बर-1

प्रसारण

रतलाम। नगर निगम रतलाम द्वारा सी.एम. हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माहजनवरी 2022 में 93.59 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर ''ए'' ग्रेड के साथ प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आयुक्त संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश शासन निकुंज कुमार श्रीवास्तव आईएएस ने पत्र प्रेषित कर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा व समर्पण से कार्य कर रतलाम नगर निगम को उत्कृष्ट स्थान पर बनाए रखने की आशा की।

प्रसारण 1/2/22

# आनंद है तो जीवन है : झारिया

## नए भारत की गाथा, रंगोली से की साझा

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

मध्यप्रदेश राज्य आंनद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के अंतर्गत नगर निगम रतलाम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हनुमान ताल पर किया गया। स्वच्छता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में बालक, बालिका तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रतलाम आनंद क्लब के सभी आनंदक ने स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर एक पर लाने की भावना को चित्रित करती रंगोली बनाई ।

खूबसूरत रंगोलियों को देखकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यदि मुझे रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करना पड़ता तो मैं सभी रंगोलियों को प्रथम पुरस्कार देता। उन्होंने सभी रतलामवासियों से अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लोगों के जीवन में से तनाव दूर करने के लिए खेल व



सांस्कृतिक आयोजन द्वारा आनंद उत्सव मनाया जाना बहुत ही काबिले तारीफ़ है। अब इस आनंद को अपनी प्रतिदिन की जिंदगी का हिस्सा बना लेना चाहिये। तनाव ही कम उम्र में बीमारियों के होने की वजह है। जिंदगी में आनंद की अनुभूति होना बहुत जरूरी है। आनंद है तो सब कुछ है।

पर्यावरणविद खुशहाल सिंह पुरोहित ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ आनंदित रह सकते हैं इसलिए आनंद क्लब पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्यक्रम जारी रखे। मप्र जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी रत्नेश विजयवर्गीय ने शहर को स्वच्छ, सुंदर व प्लास्टिक के निपटान के लिए प्लास्टिक की बोतल में रैपर, प्लास्टिक थैली भरकर इको ब्रिक बनाना बताया।

सीमा अग्निहोत्री द्वारा जिले के विद्यार्थियों से बनवाई गई इको ब्रिक के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि 1 हजार ब्रिक एकत्र होने पर हनुमान ताल की खूबसूरती को निखारा जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त श्री विकास सोलंकी व स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर नवोदित बैरागी व दिव्या पाटीदार जोशी, जिले के इको क्लब मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा भी उपस्थित थे।

रंगोली प्रतियोगिता के लिए निर्णायक माणिक डागे, डॉ अनामिका सारस्वत व जय सोलंकी रहे। आनंद उत्सव के लिए जि प्रभारी आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री गिरीश सारस्वत ने कार्यक्रम का संचाल किया। आनंदक राजेंद्र चतुर्वेदी ने सम अतिथियों का आभार माना।

आनंद उत्सव की रंगोली प्रतियोगिता आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री व गिरि सारस्वत के साथ आनंदक अणिमा आच मधु परिहार पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, सु अग्निहोत्री, प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवा सुषमा अग्निहोत्री, कृष्णलाल शर्मा, आशा पु आशा रावत, धर्मा कोठारी, विशाल क विमलेश वर्मा, कमल सिंह राठौर, रा चतुर्वेदी, विजय शर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, प्र गोठवाल, रामनिवास राठौर ने सहयोग कि आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने कहा मात्र 14 से 28 जनवरी तक ही आनंद उत्स नहीं था, रतलाम आनंद क्लब द्वारा आनंद लिये सतत गतिविधियां जारी रहेगी।

सिंघम-31

सिंघम टाइम्स 31/1/22

## बिना अनुमति व अनुमति के विपरित 10 के स्थान पर 30 प्रतिषत अवैध निर्माण का होगा प्रषमन (कम्पाउडिंग)

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम में बिना अनुमति तथा अनुमति के विपरित भवनों के प्रषमन (कम्पाउडिंग) के तहत 10 प्रतिषत के स्थान पर 30 प्रतिषत सीमा तक हुए अवैध निर्माण का प्रषमन (कम्पाउडिंग) किया जा सकेगा। इस हेतु लगने वाले कम्पाउडिंग षुल्क में 28 फरवरी तक 20 प्रतिषत की छूट प्रदान की जा रही है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि मध्यप्रदेष षासन द्वारा नगरीय क्षेत्र में बिना अनुमति तथा अनुमति के विपरित भवनों के प्रषमन (कम्पाउडिंग) हेतु नियमों में संषोधन कर अब 10 प्रतिषत के स्थान पर 30 प्रतिषत की सीमा तक हुए अवैध निर्माण को नियमित करने का प्रावधान किया गया है। इस हेतु लगने वाले कम्पाउडिंग षुल्क में 28 फरवरी तक 20 प्रतिषत की छूट प्रदान की जा रही है।

रतलाम नगरीय क्षेत्र में उपरोक्त प्रकार के सभी भवनों के लिये अपने अवैध निर्माण को वैध कराने का यह सुनहरा अवसर है। नगर निगम द्वारा इस हेतु प्रमुख व्यावसायिक भवनों को सूचना पत्र भी दिये गये है। कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया उपरोक्त प्रकार के सभी भवन स्वामियों से अपील की है कि बिना अनुमति या अनुमति के विपरित बने अपने भवनों का प्रषमन (कम्पाउडिंग) 28 फरवरी के पूर्व करवाकर अवैध निर्माण के विरूद्ध होने वाली किसी भी संभावित कार्यवाही बचें।

स्वतंत्र पैगाम 1/2/22

## जनसुनवाई की 773 शिकायतें लंबित मिली

रतलाम ● टीएल बैठक में निगम जनसुनवाई की 773 शिकायतें लंबित पाई गई है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए है कि 6 फरवरी तक सभी शिकायतों का निराकरण दर्ज करवाए, यदि लापरवाही पाई गई तो संबंधित स्टाफ का एक माह का वेतन काटा जाएगा।

स्वदेश 1/2/22